Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-03-2006
Participants : Bhargav Shri Girdhari Lal

an>

Title : Reported move to impose a ban on purchase and sale of common salt in Rajasthan.

श्री गिरधारी लाल भार्गव : माननीय अध्यक्ष जी, राजस्थान में साधारण नमक सांभर साल्ट झील में पैदा होता है। इसके अलावा अन्य दो झीलों में भी पैदा होता है । केवल वहीं पर नमक पैदा नहीं होता बल्कि कुओ के पानी से नमक पैदा किया जाता है। यह कुटीर उद्योग है। मेरा कहना है कि कुटीर उद्योग होने के कारण यह सम्पूर्ण भारत र्वा में प्रसिद्ध है। मेरे ख्याल से सभी लोग साधारण नमक खाते हैं। वहां का नमक खाते हैं लेकिन मेरा ये लोग ि वरोध भी करते हैं। मेरे प्रदेश का नमक खाने के बाद विरोध नहीं करना चाहिये।

अध्यक्ष जी, मैं सरकार की जानकारी में यह बात लाना चाहता हूं कि वहां नमक पैदा होता है लेकिन केन्द्र सरकार द्वारा पाबंदी लगाई जा रही है कि यह नमक नहीं खरीदा जायेगा और केवल ऑयोडीन नमक ही खरीदा एवं बेचा जायेगा। मेरा निवेदन है कि इस प्रकार की पाबंदी नहीं लगानी चाहिये। सरकार ने ऑयोडीन नमक के प्रयोग करने पर जनता को बाध्य कर दिया है। ऑयोडीन नमक को गर्म सब्जी में डालने से आयोडीन का असर ही समाप्त हो जाता है और अगर दो महीने बाहर रखा रह जाए तो भी उसका असर खत्म हो जाता है। साधारण नमक देश का प्रत्येक आदमी इस्तेमाल करता है क्योंकि यह 50 पैसे किलो मिलता है जब कि ऑयोडीन नमक का मूल्य 7-8 रुपये प्रति किलो है। ऑयोडीन इतना घातक है कि इससे चिड़चिड़ापन आ जाता है, मधुमेह, टी.बी., कैंसर और हाईपरथायरोडिज्म और हृदय रोग बढ़ जाते हैं। इसलिये मेरा सरकार से निवेदन है कि साधारण नमक पर पाबंदी न लगाई जाये।

अध्यक्ष जी, आपको स्मरण होगा कि महात्मा गांधी ने भी अंग्रेज सरकार के विरुद्ध नमक आन्दोलन किया था। जब राजग सरकार थी, उस समय सर्वोदय लोगों द्वारा विरोध प्रकट करने पर सरकार ने इस अधिनियम को वापस ले लिया था। आज की प्रगतिशील सरकार आगे बढ़ने वाली सरकार है। मेरा सरकार से निवेदन है कि यदि राज को स्थायी रखना है तो साधारण नमक जैसी वस्तु पर जो पाबंदी लगाई है, उसे वापस ले। अगर यह आदेश वापस नहीं लिया जायेगा तो मैं समझता हूं कि जन आन्दोलन होगा। मेरा आपसे हाथ जोड़कर निवेदन है कि केन्द्र सरकार को पाबंद किया जाये कि जब अमरीका में साधारण नमक पर प्रतिबंध नहीं तो हमारे यहां ही क्यों?

अध्यक्ष महोदय, अगर ऑयोडीन नमक पर पाबंदी नहीं लगाई गई और जो यह नमक खाना चाहते हैं, मरना चाहते हैं तो बात अलग है। सांभर झील में पैदा होने वाले या कुओं द्वारा पैदा किये जाने वाले साधारण

नमक पर सरकार छूट दे। आपने मुझे बोलने के लिये समय दिया, उसके लिये बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं आपका आभार मानता हूं।

MR. SPEAKER: Shri Lonappan Nambadan. Your matter relates to the Finance Bill. You can raise it during the debate. So, your matter does not come now.

Shri Dhanuskodi R. Athithan.

If the other Members disturb you, how will you feel?